**उत्तर प्रदेश शासन**
औद्योगिक विकास अनुभाग-6
संख्या- 794/77-6-14-13(एम)/12(बी)
लखनऊ : दिनांक 17 जून, 2014

## कार्यालय-ज्ञाप

प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक पूँजी निवेश को आकर्षित करने एवं औद्योगिक वातावरण का सृजन करने हेतु एक दीर्घकालीन निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु नॉलेज पार्टनर द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के रोड-शोज एवं 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट' के आयोजन किये जाने हैं। शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1624/77-6-12-24(एम)/12 दिनांक 13-12-2012 सपठित कार्यालय-ज्ञाप संख्या 1059/77-6-13-24(एम)/12 दिनांक 17 जुलाई, 2013 द्वारा नालेज पार्टनर के संबंध में प्राप्त निविदाओ के मूल्यांकन एवं अन्तिम चयनार्थ प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। इवेन्ट पार्टनर, मीडिया पार्टनर तथा डिजाइन एवं क्रिएटिव पार्टनर के संबंध में प्राप्त निविदाओं को खोलने एवं मूल्यांकन हेतु उक्त समिति में अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु को सदस्य के रूप में सम्मिलित करते हुए, उक्त के उपरान्त समिति का गठन निम्नवत किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग। | अध्यक्ष |
| 2 | अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु | सदस्य |
| 3 | विशेष सचिव, न्याय विभाग। | सदस्य |
| 4 | विशेष सचिव, वित्त विभाग। | सदस्य |
| 5 | विशेष सचिव, नियोजन विभाग। | सदस्य |
| 6 | अपर निदेशक, उद्योग उ0प्र0, उद्योग निदेशालय, कानपुर | सदस्य |
| 7 | संयुक्त अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु | सदस्य-सचिव |

2- उक्त समिति इवेन्ट पार्टनर, मीडिया पार्टनर तथा डिजाइन एवं क्रिएटिव पार्टनर के चयन हेतु अपनी संस्तुति अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इवेन्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी के माध्यम से अन्तिम निर्णय हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित प्रोजेक्ट स्टेयरिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

3- इवेन्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी व प्रोजेक्ट स्टेयरिंग कमेटी का गठन शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1387/77-6-13-13(एम)/12(बी) दिनांक 01 अक्टूबर, 2013 द्वारा किया गया है।

आलोक रंजन
मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।

(संजीव सरन)
अधिशासी निदेशक,
उद्योग बन्धु

(कंचन वर्मा)
विशेष सचिव
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग
उ0 प्र0 शासन

(देवी प्रसाद)
संयुक्त सचिव
औद्योगिक विकास विभाग
उ0प्र0 शासन

संख्या 794(1)/77-6-14-13(एम)/12(बी), तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

2- निजी सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

3- अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, 12-सी, माल एवेन्यू, लखनऊ।

4- संबंधित सदस्य गण।

5- संयुक्त अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, 12-सी, माल एवेन्यू, लखनऊ।

6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

7- निजी सचिव, विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

8- औद्योगिक विकास विभाग के समस्त अधिकारीगण/अनुभाग।

9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(कंचन वर्मा)
विशेष सचिव।